हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार 25 मार्च 2026

11 ई-खरीद नीति के खिलाफ कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



12 आढ़त बढ़ाने के लिए आढ़तियों ने सौंपा ज्ञापन



**खबर संक्षेप**

### जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक आज

**झज्जर।** सीटीएम नमिता कुमारी ने बताया कि आमजन की शिकायतों के त्वरित एवं स्थायी समाधान के उद्देश्य से गठित जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक बुधवार को लघु सचिवालय स्थित संवाद भवन में आयोजित की जाएगी। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 18 परिवाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठकें जनहित से जुड़े मामलों के समाधान के लिए एक सशक्त मंच के रूप में कार्य करती हैं, जिससे प्रशासनिक पारदर्शिता एवं जवाबदेही को बढ़ावा मिलता है।

### झज्जर के बिजली उपभोक्ताओं की आज होगी रोहतक में सुनवाई

**झज्जर।** उपभोक्ताओं की बिजली एवं बिजली बिल से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के निवारण के उद्देश्य से बुधवार को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक चेयरमैन जोनल फॉर्म उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम रोहतक द्वारा चीफ इंजीनियर ओपी, प्रवर्तन परिमण्डल, राजीव गांधी विद्युत सदन, पावर हाऊस, रोहतक स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में सुनवाई की जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान चेयरमैन, चीफ इंजीनियर जोनल फॉर्म रोहतक स्वयं उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनेंगे तथा उनका त्वरित निवारण सुनिश्चित करेंगे। विशेष रूप से झज्जर जिले के उपभोक्ता भी अपने बिजली बिल संबंधी मामलों को बैठक में प्रस्तुत कर सकते हैं।

### चतुर्थ वार्षिक श्याम संकीर्तन 4 अप्रैल को

**बहादुरगढ़।** चतुर्थ वार्षिक श्याम संकीर्तन का आयोजन 4 अप्रैल को आंबेडकर स्टेडियम के निकट नंदीशाला में किया जाएगा। गीताज्ञानेश्वर डॉ. स्वामी दिव्यानंद जी महाराज के पावन सानिध्य में होने वाले श्याम महोत्सव में मांगे राम अत्री, हेमंत ठाकुर, सोनू सिंगला, गौरव गर्ग, सुरेन्द्र पंकज व पंडित देव परासर प्रस्तुति देंगे।

### मांडोटी में कल मनेगा कुआं पूजन दशोठन

**बहादुरगढ़।** गांव मांडोठी में 26 मार्च को कुआं पूजन दशोठन समारोह का आयोजन किया जाएगा। दलाल खाप प्रवक्ता कैप्टन मान सिंह दलाल, राजपाल आर्य, पप्पू दलाल व सनवीर दलाल आदि ने बताया कि 26 मार्च को गांव मांडोठी के सीनियर सेकेंडरी लड़कों वाले स्कूल में सुबह हवन और 11 बजे से प्रसाद वितरण शुरू होगा। कुआं पूजन दशोठन में हरियाणा, यूपी, पंजाब, महाराष्ट्र, जम्मू कश्मीर समेत अन्य इलाकों से दलाल वंश के लोग भाग लेंगे।

### पटेल नगर में गंदगी फैलाने वाले डेयरी मालिकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

# अवैध डेयरियों की जांच करने उतरी नगर परिषद टीम, कई चालान काटे

- कार्रवाई के दौरान नगर परिषद टीम के साथ डेयरी मालिकों ने की अभद्रता
- डेयरी मालिकों ने चालान नहीं लिए तो नप की टीम ने डेयरियों के बाहर चस्पाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। पटेल नगर व सेक्टर डिवाइडिंग सड़क पर बह रहा गोबर।



बहादुरगढ़। मंगलवार को कार्रवाई के दौरान चालान काटते नप अधिकारी।

गंदगी फैलाने वाली अवैध डेयरियों के खिलाफ नगर परिषद ने मंगलवार को मोर्चा खोल दिया। नगर परिषद की टीम ने पटेल नगर इलाके में निरीक्षण के दौरान नालियों में गोबर डालकर गंदगी फैलाने वाले आधा दर्जन से ज्यादा डेयरी मालिकों के चालान काटे। कार्रवाई के दौरान कई डेयरी मालिकों ने नगर परिषद की टीम का विरोध किया और अधिकारियों के साथ अभद्रता करते हुए गली गलौज करनी शुरू कर दी।

नगर परिषद की इस कार्रवाई के दौरान कुछ डेयरी मालिकों ने चालान लेने से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद नगर परिषद की टीम ने चालान उनके घरों के बाहर चस्पा कर दिए और चेतावनी दी कि यदि आज ही चालान की राशि जमा नहीं करवाई गई तो उनके खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, पटेल नगर इलाके में अवैध डेयरियों के कारण काफी समय से गंदगी फैली हुई है। नालियों में गोबर बहने की वजह से गंदे पानी की निकासी नहीं हो पा रही और गलियों में गंदा पानी जमा हो रहा है। इससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और क्षेत्र में बीमारियां फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि डेयरियों की वजह से पूरे इलाके का माहौल खराब हो गया है और कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया। वहीं, डेयरी मालिकों का कहना है कि प्रशासन पिछले एक महीने से नालियों की सफाई नहीं करवा रहा, जिसके कारण गंदगी फैली हुई है। उनका दावा है कि वे गोबर का उचित तरीके से निस्तारण करते हैं और उन पर लगाए गए आरोप पूरी तरह सही नहीं हैं।

पालिका अभियंता जोगेंद्र सिंधु ने बताया कि शहर में गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। अगर डेयरी मालिकों ने नियमों का पालन नहीं किया तो उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### नाले में मिले महिला के शव की हुई पहचान

# झगड़ा होने पर लिव-इन पार्टनर ने की थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़



मांडोठी चौकी क्षेत्र में हुई ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। लिव इन पार्टनर ही महिला का हत्यारोपी निकला। झगड़े के दौरान पाने (टूल) से सिर पर वार कर उसने महिला को मौत के घाट उतारा और शव खुर्द बुर्द करने के मकसद से मातन के खेत से गुजर रहे कच्चे नाले में फेंक दिया। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार को उसे अदालत में पेश किया जाएगा।

दरअसल, रविवार की देर शाम को मातन के खेतों में महिला का शव पाया गया था। सिर व चेहरे सहित अन्य हिस्सों में चोट के निशान थे। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू की और शव को नागरिक अस्पताल में रखवा कर पहचान के प्रयास किए। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम हुआ और देर शाम को शिनाख्त भी हो गई। चौकी प्रभारी मुकेश कुमार के अनुसार, चौकी व सीआईए प्रथम की टीम ने बारीकी से घटनास्थल का निरीक्षण किया। तकनीकी साक्ष्यों, मोबाइल लोकेशन, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और गुप्त सूचनाओं के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया गया। इस दौरान मृतका की पहचान करीब 30 वर्षीय ममता के रूप में हुई। ममता के परिवार के सदस्य यहां बहादुरगढ़ के छोटूराम पार्क में रहते हैं। वह पांच भाई बहनों में सबसे छोटी थी। प्रारंभिक तौर पर सामने आया कि बीते करीब दो साल से वह मांडोठी निवासी रिंकू के साथ रह रही थी। किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया, जो बाद में हिंसक झगड़े में बदल गया। झगड़े के दौरान आरोपी ने गाड़ी में रखे पाने (टूल) से महिला के सिर पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद उसने शव को गांव मातन के खेतों में फेंक दिया। चौकी प्रभारी मुकेश कुमार ने कहा कि आरोपी रिंकू गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से पूछताछ की जाएगी।

# खंभों पर लगे होर्डिंग व बैनर उतारे



झज्जर। खंभों पर लगे होर्डिंग को उतारते हुए नगर परिषद के कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

नगर परिषद द्वारा शहर के सौंदर्यीकरण को ध्यान में रखते हुए सड़क किनारे सरकारी खंभों पर लगाए पोस्टर व बैनर हटाए गए। सफाई दरोगा विकास उज्जैनवाल ने बताया कि उन्होंने सफाई दरोगा शिवम, कृष्ण, गौरव टांक व सफाई कर्मचारी विनोद व मुकेश के साथ मिलकर यादव धर्मशाला से आंबेडकर चौक तथा भट्टी गेट स्थित बीकानेर चौक से नगर परिषद कार्यालय तक की सड़कों का दौरा करते हुए लोगों द्वारा अवैध रूप से लगाए गए बैनर व होर्डिंग हटाए। इस दौरान टीम में नगर परिषद कार्यालय से प्रदीप व संजय भी उपस्थित रहे।

### रईया के कार्यवाहक सरपंच को उपायुक्त ने पद से हटाया

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने हरियाणा पंचायत राज अधिनियम, 1994 की धारा 51(1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए झज्जर खंड के गांव रईया एक के पंच (कार्यवाहक सरपंच) को उनके पद से हटा दिया है। ग्राम पंचायत रईया के पंच (कार्यवाहक सरपंच ) के खिलाफ अनियमितता बरतने का आरोप हैं, जिनकी जांच के लिए एसडीएम झज्जर को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने हरियाणा पंचायत अधिनियम, 1994 में दिए गए प्रावधान अनुसार तुरंत प्रभाव से ग्राम पंचायत की संपत्तियों का नियंत्रण बहुमत रखने वाले पंच को सौंपने के निर्देश दिए हैं।

### तीन लोगों की मौत मामले में कैंटर चालक गिरफ्तार

# आरोपी कैंटर चालक को बदलने की आशंका पर कई घंटे जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। अस्पताल में मौजूद मृतक अशोक और शंभू के परिजनों ने पुलिस कार्रवाई पर रोष जताया।

शहर में हुए खौफनाक सड़क हादसे के 24 घंटे बाद नागरिक अस्पताल में मंगलवार को तीनों शवों के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू हो पाई। मृतकों के परिजनों ने चालक व बयान बदलने सहित कई तरह की शंका जताते हुए नाराजगी प्रकट की। पुलिस द्वारा काफी समझाने के बाद परिजन शांत हुए। वहीं, दूसरी तरफ इस संबंध में आरोपी कैंटर चालक के खिलाफ सिटी थाने में गैर इरादतन हत्या की धारा के तहत केस दर्ज हुआ है। आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

हादसा सोमवार की दोपहर हुआ था। गलत दिशा से आए एक कैंटर चालक ने पहले एमआईई में अशोक व शंभूराम को कुचला। फिर वहां से भागते हुए कुछ दूर जाकर बाईपास पर एक ऑटो व बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार योगेंद्र की जान गई। जबकि प्रवीण तथा ऑटो में सवार तीन लोग घायल हुए। इस संबंध में एमआईई चौकी पुलिस ने सुनीलराम की शिकायत पर सड़क दुर्घटना, गैर इरादतन हत्या आदि धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की। कुछ ही घंटे बाद आरोपी चालक सुनील निवासी छपरा बिहार को काबू कर लिया। वह रोहद के एक ट्रांसपोर्टर की गाड़ी चलाता है। सोमवार शाम को पोस्टमार्टम नहीं हो पाया था। इसके बाद मृतकों के परिजनों के मन में कई तरह की आशंका हुई। मंगलवार की सुबह कुछ परिजन व परिचित नाराज दिखे। उन्होंने कैंटर का ड्राइवर बदले जाने, बयान में हेरफेर आदि आशंका जताई और गाड़ी मालिक को भी केस में शामिल करने की मांग उठाई। पुलिस के साथ भी काफी बहसबाजी हुई। कई घंटे के बाद पुलिस व मौजिज लोगों द्वारा समझाने पर परिजन शांत हुए और फिर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया चालू हो सकी। चौकी प्रभारी सज्जन सिंह ने कहा कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। आरोपी गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# 120 रुपये के लालच में कार चालक ने गंवाया बैग

- आरोपी ने 10-10 रुपये के नोट कार से नीचे गिराकर चालक को बताया, चालक के नोट इकट्ठा करने में व्यस्त होने पर गाड़ी से बैग चुराया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

शहर में रोहतक-दिल्ली रोड पर दिनदहाड़े एक कार चालक के साथ वारदात हो गई। शातिर शख्स ने चकमा देकर उसकी गाड़ी से नकदी व लैपटॉप पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर सिटी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वारदात जौहरी नगर निवासी आर्यन के साथ हुई है। आर्यन के मुताबिक, सोमवार की सुबह करीब साढ़े 11 बजे वह रोहतक-दिल्ली रोड पर एचएनजी गेट के सामने अपनी गाड़ी में बैठकर फोन पर बात कर रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति आया और बोला कि आपके पैसे गिरे हुए हैं। तब तो पीड़ित ने उस व्यक्ति से इनकार कर दिया, लेकिन उसके जाते ही बाहर देखा तो दस दस के नोट यानी कुल 120 रुपये थे। उसने रुपये उठाए और गाड़ी में बैठ गया। जब गाड़ी लॉक कर जाने लगा तो देखा कि गाड़ी की सीट पर रखा बैग गायब था। बैग में 11 हजार रुपये की नकदी, क्रेडिट कार्ड, लैपटॉप सहित कुछ जरूरी दस्तावेज थे। आर्यन का कहना है कि उसी अज्ञात व्यक्ति ने यह वारदात की है। उधर, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

शिकायत के आधार पर सिटी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मामले की तह तक जाने के लिए पुलिस आसपास सीसीटीवी फुटेज चेक कर रही है। जल्द से जल्द वारदात सुलझाने की बात कही जा रही है। बता दें कि इस मार्ग पर पहले भी इस तरह की वारदात होती रही हैं।

### गांव नूना माजरा में ट्राले की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

**बहादुरगढ़।** गांव नूना माजरा में मंगलवार की सुबह हादसा हो गया। यहां ट्राले की चपेट में आने से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों के बयान पर ट्राला चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मृतक की पहचान हरेंद्र के रूप में हुई है। वह गांव नूना माजरा का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार, मंगलवार की सुबह वह बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहा था। गांव की मुख्य गली से निकलकर जब झज्जर-बहादुरगढ़ मार्ग की ओर बढ़ा तो इसी दौरान एक ट्राले ने सीधी टक्कर मार दी। हादसे में उसे गंभीर चोट आई। ग्रामीणों ने उसको संभाला और गांव में स्थित महाराजा अग्रसेन अस्पताल में ले गए। वहां से उसे रेफर किया तो परिजन रोहतक स्थित कायनोस अस्पताल में लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# बैंक में लगे एसी के 8 कंप्रेसर की कॉपर वायर काटी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़



शहर में रेलवे रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने बैंक के आठ स्प्लिट एसी के आउटर कंप्रेसरों से कॉपर वायर और पाइप काटकर चोरी कर लिए।

मंगलवार सुबह जब बैंक अधिकारी ड्यूटी पर पहुंचे तो उन्हें वारदात का पता चला। इसके बाद डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि चोर बैंक के पीछे स्थित गली से अंदर घुसे। वहां अंधेरा और झाड़ियां होने का फायदा उठाकर उन्होंने कंटीले तार पार किए तथा पास की फर्नीचर दुकान में रखी प्लास्टिक कुर्सियों का सहारा लेकर कंप्रेसरों तक पहुंचे। इसके बाद उन्होंने कॉपर वायर और पाइप काट लिए। वायर अपने साथ ले गए, जबकि पाइप के खाली कवर मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। इस वारदात से बैंक को काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों तक जल्द पहुंचा जा सके। बैंक के उप प्रबंधक नवीन कुमार की शिकायत पर थाना शहर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि जल्द से जल्द मामले को सुलझाने का प्रयास रहेगा।

### माता भीमेश्वरी देवी मंदिर में उमड़ी भीड़

# विश्व शांति महायज्ञ आज से 11 हजार दीप जगमगाएंगे



बेरी। माता भीमेश्वरी देवी मंदिर परिसर में जायजा लेते हुए पुलिस कमिश्नर।

- माता भीमेश्वरी देवी मंदिर में मुख्य मेला आज से शुरू होगा, पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह ने माता भीमेश्वरी देवी मंदिर में लिया सुरक्षा का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेरी

नवरात्र पर्व पर माता भीमेश्वरी देवी मंदिर में आयोजित भव्य मेले के दौरान तीन दिवसीय विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। विशेष आकर्षण के रूप में 11 हजार दीप प्रज्वलित कर पूरे परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित किया जाएगा। महायज्ञ की व्यवस्थाओं और सुरक्षा इंतजामों का जायजा लेने के लिए पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह ने निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सबसे पहले पुराने मंदिर परिसर के समीप बने यज्ञ स्थल का निरीक्षण किया। जहां 51 वैदिक पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि विश्व शांति और सामाजिक एकता का भी महत्वपूर्ण संदेश देता है। उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों से संवाद कर श्रद्धालुओं की सुविधा, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, साफ-सफाई और आपातकालीन सेवाओं को सुचारू रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले की सुरक्षा के लिए लगभग 750 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। मेले के अंदर और बाहर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करते हुए पुलिस बल शिफ्टों में तैनात है। सीसीटीवी के माध्यम से हर गतिविधि पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है, साथ ही निरंतर पेट्रोलिंग और कंट्रोल रूम के जरिए पूरे क्षेत्र पर नजर रखी जा रही है।

**परेशानी**

### गैस की कीमतों में अचानक और अत्यधिक वृद्धि से उद्योगों पर आर्थिक दबाव बना : प्रवीण गर्ग

# गैस किल्लत के चलते 400 उद्योगों पर मंडराया बंद करने का संकट, हजारों कर्मचारियों पर मार

औसत खपत की 80 प्रतिशत गैस भी नहीं मिल रही

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। बैठक में गैस किल्लत पर चिंता जताते कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज के पदाधिकारी।

कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज ने झज्जर जिले के औद्योगिक क्षेत्रों में उत्पन्न गैस आपूर्ति संकट पर गहरी चिंता व्यक्त की है। कोबी पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान समय में प्राकृतिक गैस (पीएनजी/सीएनजी) की अनियमित एवं अपर्याप्त आपूर्ति तथा कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की भारी कमी के कारण उद्योग गंभीर कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं, जिससे औद्योगिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं।

कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग ने बताया कि सरकार द्वारा 9 मार्च को जारी अधिसूचना के अनुसार औद्योगिक एवं वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को पिछले छह महीनों की औसत खपत का 80 प्रतिशत तक गैस उपलब्ध कराई जानी चाहिए, किंतु वास्तविकता में गैस आपूर्ति एजेंसियों द्वारा इन निर्देशों का पालन सही रूप में नहीं किया जा रहा है। जिस कारण उत्पादन प्रक्रियाएं बाधित हो रही हैं। साथ ही गैस की कीमतों में अचानक और अत्यधिक वृद्धि से उद्योगों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव बन रहा है।

कोबी के संयुक्त सचिव सुरेंद्र वशिष्ठ ने बताया कि बहादुरगढ़ में लगभग 500 उद्योग कॉरुगेटेड बॉक्स निर्माण से जुड़े हैं, जिनमें से 400 से अधिक इकाइयां उत्पादन के लिए कमर्शियल एलपीजी पर निर्भर हैं। गैस की अनुपलब्धता के कारण इन इकाइयों का उत्पादन गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है तथा कई इकाइयां बंद होने के कगार पर पहुंच गई हैं। कोबी उपाध्यक्ष विपिन बजाज, महासचिव प्रदीप कौल, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार मित्तल, पुरुषोत्तम गोयल, सुनील गर्ग, रवि चमड़िया, तिलक राज गर्ग, नवल गर्ग व राजेश आदि ने कहा कि उद्योगों को सुचारु रूप से चलाने के लिए गैस आपूर्ति अत्यंत आवश्यक है।



# लोगों को बस बोलने का बहाना चाहिए होता है : राकेश बेदी

**मुंबई।** राकेश बेदी इन दिनों फिल्म 'धुरंधर 2' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। राकेश और उनकी सह-कलाकार सारा अर्जुन का एक वीडियो फिर से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें वह सारा के कंधे पर किस करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो पर अब राकेश ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।उन्होंने कहा, 'लोगों को बस बोलने का बहाना चाहिए होता है। कुछ लोग तो बस कहते रहते हैं। शुक्र है, कई लोगों ने मेरा बचाव भी किया। 71 साल के मशहूर अभिनेता राकेश बेदी इन दिनों अपनी फिल्म 'धुरंधर 2' की सफलता का आनंद ले रहे हैं। फिल्म ने अब तक 500 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। पिछले साल नवंबर में 'धुरंधर'के ट्रेलर लॉन्च के समय एक वीडियो वायरल हुआ था।

लाइफ Style



# अनीत

## रैंप वॉक और नए फैशन ने पिटवा दी भद

'सैयारा' फिल्म में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाने वाली अनीत पड्डा की रैंप वॉक पर लोग तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। उनकी एक्टिंग की तो खूब तारीफ हुई, लेकिन रैंप वॉक और नए फैशन ने भद पिटवा दी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'सैयारा' फिल्म से हर दिल पर छाने वाली एक्ट्रेस अनीत पड्डा भले ही कितनी भी टैलेंटेड क्यों न हों, लेकिन एक्टिंग के अलावा जब बात रैंप वॉक की आती है तो उनकी भद पिट जाती है। 'पेरो' के लिए शो का समापन करने वाली अनीत पड्डा अपनी रैंप वॉक के वीडियो वायरल होने के तुरंत बाद ऑनलाइन चर्चा का केंद्र बन गईं। हालांकि, यह युवा एक्ट्रेस के लिए फैशन जगत में एक बड़ा पल था, लेकिन ऑनलाइन उन्हें लेकर अलग ही बातें हो रही हैं। उनके रैंप वॉक को लेकर फिर से लोग काफी कुछ कह रहे हैं। कुछ ही घंटों में, शोस्टॉपर वॉक ट्रेंडिंग टॉपिक बन गई, खासकर रेडिट और इंस्टाग्राम पर। अनीत पड्डा ने लैक्मे की 'जेन जी' एंबेसडर के रूप में एक नीले और सफेद रंग के ड्रेस में रैंप वॉक किया, जो पेरो की सिग्नेचर स्टाइल को दिखाता है। इस लुक में टेक्सचर्ड एप्लिक वर्क वाली ड्रेस के ऊपर एक क्रॉप जैकेट पहनी गई थी, जो सॉफ्ट स्ट्रक्चर, बारीक डिटेलिंग से तैयार की गई थी। यह आउटफिट ग्लैमरस ड्रामा के बजाय युवा और थोड़ा चंचल अंदाज में था, जो लेबल की डिजाइन शैली से मैच कर रहा था। हालांकि, कई लोगों को यह स्टाइल उतना पसंद नहीं आया जितना सोचा गया था।

हॉलीवुड मसाला



# रायन घोस्ट वॉर का टीजर रिलीज

**नई दिल्ली।** एंड्रयू बर्नस्टीन के निर्देशन में बनी फिल्म 'जैक रायनः घोस्ट वॉर' जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने वाली है। इस पॉलिटिकल एक्शन-थ्रिलर फिल्म में अभिनेता जॉन क्रासिंस्की एक बार फिर से सीआईए एनालिस्ट 'जैक रायन' के रूप में धमाकेदार एक्शन करते हुए एक नए और खतरनाक मिशन पर निकले हैं। हाल ही में प्राइम वीडियो ने इस मोस्ट अवेटेड फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया है, जिसमें जैक रायन एक बार फिर से अपने पुराने फॉर्म में नजर आ रहे हैं।



# स्लॉटरहाउस-फाइव से की कॅरियर की शुरुआत...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री वैलेरी पेरिन के निधन से उनके फैंस आहत हैं। उनकी दोस्त ने उनके निधन की जानकारी देते हुए, उनकी अंतिम इच्छा के बारे में भी बताया है। दिग्गज अभिनेत्री वैलेरी पेरिन का 82 साल की उम्र में निधन हो गया। वो लेनी और 'सुपरमैन'जैसी फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाती थीं। टेक्सास के गैल्वेस्टन में जन्मीं पेरिन ने फिल्म 'स्लॉटरहाउस-फाइव' से अपने फिल्मी कॅरियर की शुरुआत की। उनकी मां एक डांसर थीं और उनके पिता अमेरिकी सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल थे। वह दो बार प्लेबॉय मैगजीन में भी नजर आईं और 1973 में ब्रूस जे फ्रेडमैन के नाटक 'स्टीमबाथ' के पीबीएस प्रसारण के दौरान जानबूझकर न्यूड अमेरिकी टेलीविजन पर दिखाई देने वाली पहली अभिनेत्री के रूप में सुर्खियों में आईं।



# देसी गर्ल का ब्लैक ड्रेस में दिखा स्वैग...


**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा ने मिलान में आयोजित एक इवेंट में शिरकत की। जहां पर प्रियंका के अलावा हॉलीवुड स्टार ऐनी हैथवे और दुआ लिपा के अलावा कई स्टार्स ने अपने लुक से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में एक इवेंट में शिरकत की। इस दौरान प्रियंका ने ब्लैक स्ट्रैपलेस गाउन और स्लीक बन हेयरस्टाइल के साथ चमचाती ज्वेलरी में एक नया ट्रेंड सेट कर दिया है। इस इवेंट में प्रियंका के अलावा कई हॉलीवुड अभिनेत्रियां भी नजर आईं। यह पूरा इवेंट फैशन और ग्लैमर से भरा हुआ था, जिसमें हर कोई अपनी स्टाइल से सबका ध्यान खींच रहा था। हाल ही में एक ज्वेलरी ब्रांड ने इटली के मिलान शहर में अपना नया हाई-एंड कलेक्शन लॉन्च किया। यह इवेंट इतना शानदार था कि पूरा कार्यक्रम रेड कार्पेट जैसा लग रहा था।



# पैपराजी ने बहन को समझ लिया बीबी

**मुंबई।** फरदीन खान का एक वीडियो इस वक्त काफी चर्चा में है जिसमें उनके साथ नजर आ रही लेडी को लोग उनकी पत्नी बता रहे हैं। सोमवार को मुंबई में एक अवॉर्ड फंक्शन में पपाराजी के सामने पोज़ देते हुए फरदीन खान ने फाइनली लोगों की कन्फ्यूजन को दूर किया। दोनों कैमरे पर काले रंग के लिबास में ट्विनिंग करते दिखे। साथ में पोज़ देते हुए लोगों ने जिन्हें फरदीन खान की पत्नी बताया, उनके बारे में एक्टर ने कहा- ये बहन है, बीवी नहीं है। दरअसल, इस मौके पर फरदीन अपनी बहन लैला खान के साथ नज़र आए। पैपराजी ने लैला को फरदीन की पत्नी समझ लिया। फरदीन एक वीडियो में उनकी इसी गलती को सुधारते दिख रहे हैं। वीडियो में फरदीन कहते दिख रहे हैं, 'ये बहन है मेरी, बीवी नहीं।

टीवी मसाला



# इन कलाकारों ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को कहा अलविदा

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' टीवी के सबसे मशहूर शोज में से एक है। यह पिछले 18 वर्षों से दर्शकों की पसंद बना हुआ है। कई मशहूर कलाकारों ने किसी वजह से इस शो को छोड़ दिया। कुछ कलाकारों को कहीं काम नहीं मिला, कुछ ने खुद काम नहीं किया है। मोनिका भदौरिया ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के मेकर्स पर टॉर्चर करने और बुरा बर्ताव करने का इल्जाम लगाया था। इसके बाद उन्होंने शो से दूरी बना ली। इसके बाद वह किसी शो का हिस्सा नहीं बन सकीं। इन दिनों वह सोशल मीडिया पर अपने फोटो और वीडियो शेयर करती हैं। जेनिफर मिस्त्री बंसीवाल ने प्रोड्यूसर असित मोदी पर संगीन इल्जाम लगाए थे। इसके बाद उन्होंने शो को अलविदा कह दिया था। शो छोड़ने के बाद उन्हें काम नहीं मिल रहा। बताया जाता है कि वह अपने करियर के बुरे दौर से भी गुजरीं। अब वह सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर हैं। वह फनी वीडियो बनाती हैं। दिशा वकानी यानी दयाबेन ने साल 2017 में मैटरनिटी लीव के लिए 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' से ब्रेक लिया था। वह दो बच्चों की मां बन गईं। हालांकि उन्होंने दोबारा शो नहीं ज्वाइन किया। फिल्हाल वह एक्टिंग से दूर हैं। वह बच्चों और घर को संभाल रही हैं। गुरुचरण सिंह ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को 2018 में अलविदा कहा था। उन्होंने अपने पिता की देखभाल के लिए ब्रेक लिया था। इसके बाद वह किसी शो का हिस्सा नहीं बन पाए। इन दिनों वह दिल्ली में एक रेस्टोरेंट चला रहे हैं। शो में शैलेश लोढ़ा ने तारक मेहता का रोल प्ले किया था। उनके भी असित मोदी के साथ रिश्ते खराब हो गए थे। मेकर्स के साथ फीस को लेकर उनकी अनबन हो गई थी। शो छोड़ने के बाद उन्होंने दूसरे शो 'वाह भाई वाह' को होस्ट किया।

## द ट्रेटर्स के दूसरे सीजन की शूटिंग शुरू

**नई दिल्ली।** करण जौहर के रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' के दूसरे सीजन की शूटिंग राजस्थान में शुरू हो गई है। इस हाई-स्टेक वाले साइकोलॉजिकल



रियलिटी फॉर्मेट के लिए कंटेस्टेंट्स का एक नया ग्रुप जैसलमेर पहुंच गया है। यह शो मशहूर पार्टी गेम 'माफिया' पर आधारित है। इस बार 'द ट्रेटर्स सीजन 2' में कई 'बिग बॉस' विनर्स हिस्सा लेने वाले हैं। इसमें एल्विश, श्वेता तिवारी, मुनव्वर फारूकी से लेकर रुबीना दिलैक तक के नाम हैं। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बताया जाता है 'द ट्रेटर्स 2' की शूटिंग लगभग 14 दिनों तक चलेगी। रिपोर्ट में 'द ट्रेटर्स सीजन 2' के कई अन्य कंटेस्टेंट्स के नाम का खुलासा किया गया है। इनमें 'बिग बॉस' से अथाह शोहरत पाने वाले यूट्यूबर अभिषेक मल्हान का भी नाम है।

# इस हफ्ते रिलीज होंगी हेल मैरी समेत ये हॉलीवुड एक्शन और थ्रिलर फिल्में

**मुंबई।** बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' रिलीज हो चुकी है। मगर आने वाले हफ्ते में हॉलीवुड में भी एक के बाद एक हाई ऑक्टेन एक्शन और थ्रिलर फिल्में रिलीज होने वाली है। जिनमें से एक का दर्शक काफी समय से इंतजार कर रहे थे।

**दे विल किल यू** : फिल्म 'दे विल किल यू' एक एक्शन, कॉमेडी फिल्म है। जिसमें एक पूर्व कैदी महिला का किरदार दिखाया है। वह एक हाउसहेल्प की जॉब के लिए न्यूयॉर्क शहर के रहस्यमय इलाके में पहुंचती है। जहां लोगों के गायब होने की घटनाएं घट रही हैं। वहां जा कर एशिया रीव्स के साथ बहुत कुछ अप्रत्याशित होता है। कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यह फिल्म 27 मार्च को रिलीज होगी। फिल्म में जाजी बीट्ज, मायहाला, पैटरसन जोसेफ, टॉम फेल्टन मुख्य किरदार हैं।

**फॉर्बिडन फ्रूट** : 'फॉर्बिडन फ्रूट' एक कॉमेडी हॉरर फिल्म है। कहानी में एप्पल, चेरी और फिग नाम की जादूगरनियों साथ मिलकर अपना एक ग्रुप चलाती हैं। बाद में पम्पकिन नाम का एक किरदार उनसे जुड़ जाती है। जिसके बाद उन सब के बीच अफरा- तफरी मचा देती है। इस किरदार के आने से उन सब के बीच संदेह पैदा हो जाता है। फिल्म 27 मार्च को रिलीज होने वाली है। लिली रेनहार्ट, लोला टंग, विक्टोरिया पेड्रेटी, एलेक्जेंड्रा शिप, एम्मा चेम्बरलेन इस फिल्म में अहम भूमिका में नजर आएंगे।



**शी डांसेस** : शी डांसेस बहुत ही मार्मिक विषय पर बात करती है। पिता और बेटी के रिश्ते पर बेस्ड इस फिल्म में एक सिंगल पिता अपनी टीन एज बेटी से पहली मुलाकात करता है। जिसके बाद अपने और बेटी के संबंध सुधारने के लिए उसके साथ एक नृत्य प्रतियोगिता में उसे साथ ले जाने का फैसला करता है। यह कॉमेडी ड्रामा फिल्म 27 मार्च को रिलीज होगी। एथन हॉक, सोनेक्वा मार्टिन-ग्रीन, मैकेंजी जिग्लर, रोजमेरी डेविट कास्ट में हैं। फिल्म को रिक गोमेज ने निर्देशित किया है।

**द एआई डॉकः या हाउ आई बिकेम एन एपोकालोप्टिमिस्ट** : साइंस और एआई में रूचि रखने वालों के लिए यह फिल्म काफी इंट्रेस्टिंग है। डैनियल रोहर एक ऐसे समय में पिता बनना चाहता है जब एआई मानव जीवन पर हावी है। इस क्रम में वो एआई के दोनों पहलुओं को देखता है। सिर्फ यह जानने के लिए कि वो किस वातावरण में अपने बच्चे का स्वागत करेगा। द एआई डॉक एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म है जिसका निर्देशन खुद डैनियल रोहर ने चार्ली टायरेल के साथ मिलकर किया है।

# रैपर बादशाह ने ईशा के साथ गुपचुप तरीके से रचाई शादी

*मुंबई। चर्चित सिंगर और रैपर बादशाह ने शादी रचा ली है। बादशाह की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। सिंगर ने ईशा रिखी के साथ गुपचुप तरीके से शादी रचाई है। यह बादशाह की दूसरी शादी है। इससे पहले उन्होंने जैस्मिन मसीह से शादी की थी। हालांकि, छह साल पहले दोनों का तलाक हो चुका है। अब ईशा के साथ उन्होंने जिंदगी का नया सफर शुरू किया है। बादशाह जहां म्यूजिक की दुनिया का बड़ा नाम हैं, वहीं उनकी दुल्हनिया ईशा रिखी का सिक्का अभिनय की दुनिया में चलता है। वे मॉडल और एक्ट्रेस हैं। ईशा रिखी का जन्म 9 सितंबर 1993 को चंडीगढ़ में हुआ था। उनकी स्कूलिंग चंडीगढ़ से ही हुई है। वहीं, से पंजाब यूनिवर्सिटी से बैचलर डिग्री हासिल की। 12वीं क्लास में ईशा ने मॉडलिंग शुरू कर दी थी।*



## 1978 के बाद बदला स्टारडम का पूरा गेम

# बिग बी की वो फिल्में, जिन्होंने छीन ली थी काका की नींद

*नई दिल्ली। 70 का दशक बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना के लिए एक सपने जैसा था, लेकिन अमिताभ बच्चन की लगातार 20 सफल फिल्मों ने इसे एक डरावनी सच्चाई में बदल दिया। 1973 की 'जंजीर' से शुरू हुआ यह ट्रेंड 1978 की 'मुकद्दर का सिकंदर' तक बॉलीवुड को पूरी तरह से बदल चुका था। इन फिल्मों की सफलता ने राजेश खन्ना के मन में स्टारडम खोने का ऐसा डर पैदा कर दिया।*

### एंग्री यंग मैन

अमिताभ बच्चन की उन 20 लैंडमार्क फिल्मों ने न सिर्फ बॉक्स ऑफिस के समीकरण बदले, बल्कि राजेश खन्ना के 'चॉकलेटी रोमांस' के दौर को भी खत्म कर दिया और 'एंग्री यंग मैन' के सुनहरे दौर की शुरुआत की। कहानी शुरू होती है 1973 से, जब राजेश खन्ना बॉक्स ऑफिस पर छाए हुए थे। लेकिन फिर, 'जंजीर' से पुलिस की वर्दी पहने एक 'एंग्री यंग मैन' ने ऐसी धूम मचाई कि पूरा सिस्टम हिल गया।

### घर-घर में हो गए मशहूर

इसके तुरंत बाद, ऋषिकेश मुखर्जी की 'नमक हराम' आई, जिसमें राजेश खन्ना के सामने खड़े अमिताभ ने शो चुरा लिया और कहा जाता है कि तभी पहली बार 'काका' को अपना स्टारडम खोने का डर सताने लगा। उसी साल अमिताभ ने अभिमान में एक कलाकार के ईगो की कहानी कहकर दर्शकों के दिलों में गहरी जगह बनाई. अगले दो सालों में अमिताभ बच्चन ने थ्रिलर और ड्रामा का कॉकटेल पेश किया, जिससे वह मजबूर, कसौटी और बेनाम जैसी फिल्मों से घर-घर में मशहूर हो गए।



### बॉलीवुड का बेताज बादशाह

आखिरकार, 1978 वह 'गोल्डन ईयर' बन गया जिसने पूरी तरह से खेल बदल दिया। 'डॉन' के रूप में, उन्होंने अंडरवर्ल्ड का ऐसा अकड़ दिखाया कि दुनिया दीवानी हो गई, जबकि त्रिशूल में अपने पिता के खिलाफ खड़े एक बागी बेटे के रूप में उनकी दहाड़ ने राजेश खन्ना की बची-खुची हिम्मत को चकनाचूर कर दिया। उसी साल कसमे वादे में अमिताभ बच्चन के डबल रोल और मुकद्दर का सिकंदर में उनके बलिदान, जिसमें सिकंदर जोहराबाई के कोठे पर मर जाता है, ने अमिताभ बच्चन को बॉलीवुड का बेताज बादशाह बना दिया।

### एक्टिंग की वर्सटैलिटी दिखाया

*1975 वह साल था जिसने बॉलीवुड के इतिहास को बांट दिया। एक तरफ 'दीवार' में अमिताभ बच्चन के 'आज खुश तो बहुत होगे तुम' ने राजेश खन्ना के 'चॉकलेट रोमांस' के ताबूत में आखिरी कील ठोक दी, तो दूसरी तरफ 'शोले' की सुनामी ने उन्हें 'सिक्का उछालने वाले' के तौर पर स्थापित कर दिया। उसी साल 'जमीर' और 'मिली' जैसी फिल्मों ने उनकी एक्टिंग की वर्सटैलिटी को दिखाया। 1970 के दशक के आगे बढ़ने के साथ, राजेश खन्ना को सोलो फिल्में पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा, जबकि अमिताभ बच्चन ने मल्टी-स्टारर फिल्मों के साथ बॉक्स ऑफिस पर राज किया।*

### बैक-टू-बैक हिट फिल्में

*दो अनजाने में बदले की आग और हेरा फेरी की मस्ती ने उन्हें युवाओं का पसंदीदा बना दिया। फिर 1977 में अमर अकबर एंथनी ने कॉमेडी और कमर्शियल सिनेमा के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। इसने परवरिश, खून पसीना और अदालत जैसी बैक-टू-बैक हिट फिल्मों के साथ, राजेश खन्ना को एहसास दिलाया कि वह दौर जब सिर्फ 'गर्दन टेढ़ी करके मुस्कुराने' से फिल्में बन जाती थीं, अब खत्म हो गया है।*

### कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाकर रोष प्रकट किया

# ई-खरीद नीति के खिलाफ मार्केट कमेटी बोर्ड कर्मचारियों ने किया जोरदार प्रदर्शन

**किसी भी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई करने से पहले विभागीय जांच करवाई जाए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। मार्केट कमेटी परिसर में नारेबाजी कर विरोध जताते हुए कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

मंगलवार को ई-खरीद नीति के खिलाफ मार्केट कमेटी बोर्ड कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाकर रोष प्रकट किया और जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें निजी मोबाइल के माध्यम से ई-खरीद और किसानों के रजिस्ट्रेशन का कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं, जो काफी मुश्किल है। उन्होंने बताया कि निजी मोबाइल का उपयोग करने के दौरान कभी भी व्यक्तिगत कॉल आ सकती हैं, जिससे रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया बाधित होने की संभावना बनी रहती है। वहीं सचिव रामनिवास ने बताया कि ई-खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से चलाने के लिए कर्मचारियों को स्मार्ट मोबाइल, टैबलेट या अन्य आवश्यक डिजिटल उपकरण उपलब्ध करवाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि यह रोष प्रदर्शन ई-खरीद पोर्टल में आ रही तकनीकी खामियों, जटिल रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया और कर्मचारियों पर सीधे एफआईआर दर्ज करने तथा गिरफ्तारी जैसे कदमों के विरोध में किया जा रहा है। मांग करते हुए कहा कि किसी भी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई करने से पहले विभागीय जांच करवाई जाए और दोषी पाए जाने पर ही आगे की कार्रवाई की जाए।

## रिटायर्ड कर्मचारियों ने की वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने की मांग

झज्जर। रिटायर्ड कर्मचारी संघ के सदस्य मंगलवार को वरिष्ठ नागरिकों की समस्या के समाधान के लिए एसडीओ पब्लिक हेल्थ नवीन तथा एएफएसओ अमरजीत सिंह से मिले। संघ के खंड प्रधान रमेश जाखड़ के नेतृत्व में सदस्यों ने अधिकारियों से वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने की मांग की। इस पर एसडीओ पब्लिक हेल्थ नवीन ने कहा कि उपभोक्ताओं के लिए सर्दी, गरमी व बरसात में खड़े होने की दिक्कत का हल करने, विभागीय समस्या सुनने, ऑनलाइन बिल के भुगतान में आने वाली समस्याओं के लिए सहयोग शिविर लगाने के प्रयास किए जाएंगे। इसी प्रकार एएफएसओ अमरजीत सिंह ने कहा कि गैस की ज्यादा दिक्कत नहीं है। उपभोक्ताओं ने एक काल्पनिक भय पैदा कर लिया है। इस मौके पर विष्णु जांगड़ा, दिलीप रावत, जयपाल गुढ़ा व राजेंद्र जुलाना सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। एएफएसओ से मिलकर उन्हें समस्याओं से अवगत कराते हुए रिटायर्ड कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## ससुरालियों ने महिला पर हॉकी व डंडे से बोला हमला

बहादुरगढ़। शहर की एक कॉलोनी में घर में घुसकर महिला पर डंडे व हॉकी से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में उसे काफी चोट आई और परिजनों द्वारा नागरिक अस्पताल में भर्ती कराई गई। सूचना पाकर पुलिस अस्पताल में पहुंची और उसके बयान लिए। पीड़िता ने अपने देवर, ननद व सास पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। सिटी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता सुनीता ने कहा है कि सोमवार को वह बच्चों के साथ घर पर थी। बच्चे खेल रहे थे और वह खाना बना रही थी। इसी दौरान ननद, सास व देवर आ गए। उनके हाथ में हॉकी व डंडे आदि थे। आते ही उन्होंने हमला शुरू कर दिए। बचकर भागने लगी तो रास्ता रोककर पीटा। शोर सुनकर जब लोग इकट्ठे होने लगे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

## ऑफिसर कॉलोनी के हनुमान मंदिर में भंडारा दो अप्रैल को

झज्जर। गुरुग्राम रोड स्थित आफिसर कॉलोनी के हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आगामी दो अप्रैल को धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ भंडारे का आयोजन होगा। मंदिर के सेवक अनिल कपूर ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर सुबह सात बजे सुंदरकांड पाठ, आठ बजे हवन, 11 बजे कन्या पूजन व ब्रह्मभोज का आयोजन किया जाएगा। इसके उपरांत दोपहर करीब 12 बजे से भंडारा शुरू होगा।

### खबर संक्षेप



**गांव रोहद में किसानों को योजनाओं की जानकारी दी**

बहादुरगढ़। गांव रोहद में किसान कल्याण संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सीएम शिकायत समिति के सदस्य विक्रम सिंह मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने किसानों को आधुनिक तकनीक अपनाने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कृषि विभाग के अधिकारियों ने उन्नत बीज, खाद के सही उपयोग और कृषि मशीनों पर मिलने वाली सब्सिडी की जानकारी दी। कार्यक्रम में किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उन्नत खेती की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प लिया।



**प्रदीप कुमार ने कबीर बस्ती को पक्का करने के लिए सीएम को सौंपा मांगपत्र**

बहादुरगढ़। संत कबीर बस्ती संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने एक बार फिर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर संत कबीर बस्ती को पक्का कराने के लिए मांगपत्र सौंपा। उन्होंने दावा किया कि करीब 60 सालों से यह कॉलोनी स्थापित है। सीएम नायब सैनी ने आश्वस्त किया कि इसे लेकर एक योजना तैयार की जा रही है।



**पटेल नगर की गलियों में गंदा पानी भरने से लोग परेशान, नाला निर्माण से बढ़ी दिक्कत**

बहादुरगढ़। पटेल नगर की गलियों में गंदगी और जलभराव ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। गली नंबर-5 में हालात इतने खराब हैं कि वहां से निकलना तक मुश्किल हो गया है। नाला निर्माण के चलते पानी निकासी पूरी तरह बाधित हो गई। ऊपर से सीवर मेनहोल का ढक्कन टूटा होने से खतरा और बढ़ गया है। स्थानीय निवासी जसबीर सिंह के अनुसार, कई बार नगर परिषद अधिकारियों और ठेकेदार को शिकायत दी गई, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। एक महीने से लोग गंदे पानी के बीच ईंट-पत्थर रखकर आने-जाने को मजबूर हैं। गली नंबर 3, 4 और 5 में डेयरियों का गोबर भी हालात बिगाड़ रहा है। स्थानीय निवासी पवन और सन्नी का कहना है कि नाला निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से किया जा रहा है।

# विद्यार्थियों के दांतों की जांच की रैली निकालकर किया जागरूक

■ विश्व ओरल हेल्थ माह के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की दंत जांच करते हुए चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

विश्व ओरल हेल्थ माह के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांसड स्टडीज इन टीचर एजुकेशन में एक विशेष दंत स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान प्राचार्या डॉ. संतोष की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में नागरिक अस्पताल से सीनियर डेंटल सर्जन डॉ. इंद्रा धनखड़, डेंटल सर्जन डॉ. प्रवीण, डॉ. रोहित, जिला किशोर स्वास्थ्य काउंसलर संदीप कुमार जांगड़ा व डेंटल हाइजीनिस्ट रविन कुमार अहलावत ने विद्यार्थियों को ओरल हेल्थ के प्रति जागरूक करते हुए दांतों के देखभाल, नियमित ब्रशिंग, संतुलित आहार लेने व समय-समय पर दांतों की जांच कराने के लिए प्रेरित किया। डॉ. इंद्रा धनखड़ ने विद्यार्थियों को दंत स्वास्थ्य की शपथ दिलाई तथा जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वस्थ दांत, स्वस्थ मुख, स्वस्थ जीवन का संदेश आमजन तक पहुंचाया। इस मौके पर डॉ. सविता यादव, नवभारत , दीपक सैनी और वेदपाल सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में दहकोरा का युवक लापता

बहादुरगढ़। गांव दहकोरा निवासी एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। काफी तलाशने के बाद भी नहीं मिला तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी है। सतीश का कहना है कि उसका छोटा भाई करीब 28 वर्षीय अमित गाड़ी चलाता है। गत आठ मार्च को परिवार के लोगों ने उसको आखिरी बार देखा तो लेकिन फिर नजर नहीं आया।

तब से लेकर अब तक काफी जगह तलाश चुके हैं लेकिन कुछ अता पता नहीं है। पुलिस तलाशने में मदद करे। उधर, आसौदा थाना पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चौराहों के सौंदर्यीकरण पर पूर्व पार्षद सैनी ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। झज्जर चुंगी पर बनाया जा रहा थीम आधारित ढांचा।

पूर्व पार्षद जसबीर सैनी के अनुसार नगर परिषद द्वारा चौक-चौराहों का विशेष थीम पर किया जा रहा सौंदर्यीकरण अब लोगों के लिए परेशानी का कारण बनता जा रहा है। उनका मानना है कि गलत स्थानों पर धीमी गति से निर्माण के चलते आमजन को भारी दिक्कत हो रही है।

भाजपा नेता जसबीर सैनी ने बताया कि नगर परिषद द्वारा थीम आधारित बड़े-बड़े स्ट्रक्चर चौक के बीच में न बनाकर एक साइड बनाए जा रहे हैं। इससे सड़कों की चौड़ाई कम हो गई है और ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। कई जगहों पर मार्ग इतना संकरा हो गया है कि जाम की स्थिति गहराने लगी है। उन्होंने कहा कि सौंदर्यीकरण करना अच्छी पहल है, लेकिन इसे सही तरीके से किया जाना चाहिए।



**ओलंपियाड के विजेता विद्यार्थियों को किया सम्मानित**

झज्जर। इंडो अमेरिकन स्कूल के विद्यार्थियों ने हिंदी ओलंपियाड में गोल्ड मेडल हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने बताया कि उनके संस्थान की पहली के विद्यार्थी रिद्धि, भूमिका और प्रतीक ने सिल्वर जोन हिंदी ओलंपियाड में गोल्ड मेडल हासिल किया है। इसके अलावा नौवीं की छात्रा वीरिका ने सिल्वर जोन जनरल नॉलेज ओलंपियाड व छात्र रजत ने सिल्वर जोन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ओलंपियाड में गोल्ड जीता। उन्होंने बताया कि एसओएफ मैथ्स ओलंपियाड में पहली कक्षा से रिद्धि, आदि व प्रिंस, दूसरी कक्षा से धानी, तीसरी से विशेष, दिव्यांशी, मीतांशी, मयंक, चौथी से वासु, केशव पंवार, मानवी यादव, पांचवीं से परी, छठी से भूमिका, सातवीं से निलांशी व आठवीं से दक्ष और नारायण मिश्र ने गोल्ड मेडल जीता। सभी विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# घरेलू गैस सिलेंडरों की पैनिक खरीद में आई कमी, अब होम डिलीवरी चालू

■ गैस, पेट्रोल एवं डीजल आपूर्ति की नियमित रूप से की जा रही निगरानी

झज्जर। पिछले कुछ दिनों से घरेलू गैस सिलेंडरों की पैनिक खरीद में कमी देखने को मिल रही है। आमजन अब पहले की तरह की सिलेंडर की बुकिंग करवा रहे हैं। गली मोहल्लों में भी होम डिलीवरी वाली गाड़ियां घरों में सिलेंडरों की सप्लाई कर रही है। उधर, जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम गैस, पेट्रोल एवं डीजल आपूर्ति की नियमित रूप से निगरानी कर रही है। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि जिले में एलपीजी, पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। एलपीजी गैस सिलेंडर की जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक को लेकर शासन-प्रशासन सजग व सतर्क है, अधिकारियों द्वारा नियमित निगरानी की जा रही है।



झज्जर। गैस एजेंसी गोदाम का निरीक्षण करने के दौरान उपस्थित विभागीय टीम। फोटो : हरिभूमि

**सभी आपूर्तिकर्ताओं से रोज रिपोर्ट भी ली जा रही**

*किसी प्रकार अनियमितता मिलने और अफवाह फैलाने वालों पर तत्काल नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक राजेश्वर मुदगिल ने कहा कि जिला में गैस सिलेंडर, पेट्रोलियम पदार्थों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की कालाबाजारी और अनियमितता पर रोक लगाने के लिए विभाग की ओर से विशेष निगरानी की जा रही है। इसके तहत विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो जिला भर में गैस एजेंसियों और सिलेंडरों की आपूर्ति व्यवस्था पर नजर रख रहे हैं। सभी आपूर्तिकर्ताओं से प्रति दिन रिपोर्ट भी ली जा रही है।*

## पैक्स समिति ने किया किसानों की समस्याओं का समाधान



झज्जर। पैक्स अधिकारियों को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए किसान।

झज्जर। पैक्स समिति साल्हावास द्वारा मंगलवार को किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम अहलावत ने किसानों की समस्याएं सुनते हुए एआर सोसायटी मैनेजर बिजेंद्र तथा को-ऑपरेटिव बैंक स्टाफ सदस्यों के साथ मिलकर उनका मौके पर ही समाधान किया। राम अहलावत ने बताया कि किसानों द्वारा लंबे समय से खाद एवं बीज की कमी को लेकर शिकायतें की जा रही थीं, जिसे आज प्राथमिकता के आधार पर हल किया गया।

**नाला सफाई के एक पखवाड़े बाद भी नहीं हुआ गंदगी का उठान, राहगीरों को परेशानी**



झज्जर। नगर परिषद द्वारा नाला सफाई अभियान के दूसरे चरण में करीब एक पखवाड़े पहले बीकानेर चौक से सिलानी गेट की ओर जाने वाले नाले की सफाई की गई थी। कर्मचारियों द्वारा नाला सफाई के दौरान बाहर निकाला गया मलबा अभी तक नहीं उठाया गया। जिस कारण लोगों को परेशानी आ रही है। कालोनीवासी राजेश, राकेश सैनी, कृष्ण खन्ना, राज सिंह, करणे सैनी, सूरत सिंह सैनी, संदीप चंदा, अनिल ठेकेदार आदि ने बताया कि कर्मचारियों द्वारा नाले की सफाई करने के बाद नाले को कवर भी नहीं किया। खुला नाला होने के कारण जहां उससे निकाला गया मलबा वापिस नाले में ही जमा हो रहा है वहीं दिन भर उठती दुर्गंध से लोगों का बुरा हाल रहता है। बीकानेर चौक से यादव धर्मशाला तक कूड़े के ढेर दूर तक दिखाई देते हैं। यहां शहर के दो मुख्य राजकीय स्कूल हैं जिनमें एक हजार से अधिक विद्यार्थी नियमित आवागमन करते हैं। पिछले दिनों आई बरसात में तो मलबा गीला होने के कारण वह वापिस नाले में जाने लगा था। इसके अलावा इसी चौक पर एक डंपिंग प्वाइंट भी बनाया गया। जहां लोगों व कर्मचारियों द्वारा कूड़ा गिरा दिया जाता है और पशु इसमें मुंह मारते रहते हैं। ऐसे में खुले नालों में जहां गौवंश के गिरने का खतरा भी बना है। कालोनीवासियों से जिला प्रशासन से नालों से निकाली गई गंदगी का उठान करने व नालों को ढक्कन लगाकर उन्हें कवर करने की मांग की है। नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने कहा कि मामला अब उनके संज्ञान में आया है। जल्द ही नाले से निकाली गई गंदगी को उठवाया जाएगा और लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

### स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन टीचर एजुकेशन का कैमलगढ़ में एनएसएस शिविर

# स्वयंसेविकाओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

■ स्वदेशी और डिजिटल साक्षरता विषय पर लोगों को जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर




झज्जर। स्वयंसेविकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाते हुए महिला पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन टीचर एजुकेशन द्वारा कैमलगढ़ में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर में मंगलवार को स्वदेशी और डिजिटल साक्षरता विषय पर लोगों को जागरूक किया गया। स्वयंसेवकों ने गांव में प्रभातफेरी निकालककर ग्रामीणों को स्वदेशी उत्पादों और डिजिटल साक्षरता के प्रति जागरूक किया। इस दौरान स्वयंसेवियों ने स्वदेशी अपनाओ संबंधी शपथ भी ली। योग सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सविता, मुकेश रानी व निशा बिश्नोई ने स्वयंसेवियों को सूर्य नमस्कार के सभी आयामों की प्रक्रिया का अभ्यास करवाया।

**ऑनलाइन क्विज में स्वर्ण रहा प्रथम**

इसके उपरांत पुलिस विभाग से इंस्पेक्टर सुनीता और उनकी टीम में शामिल प्रीतम, पिंकी और टीना ने स्वयंसेवकों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। ट्रेनर टीना ने लाइव डेमो के माध्यम से महिला सुरक्षा और व्यक्तिगत सुरक्षा की व्यावहारिक तकनीकों का अभ्यास कराया। इसके उपरांत आयोजित ऑनलाइन क्विज में स्वर्ण ने पहला, शुभांगना ने दूसरा व पुष्कर ने तीसरा स्थान हासिल किया। पोस्टर मेंकिंग में पुष्कर प्रथम व रील मेंकिग में लोपामुद्रा ने पहला स्थान हासिल किया। इसी प्रकार म्यूजिकल चेयर और गैस द सॉन्ग जैसी गतिविधियों में रिया, साक्षी, वैष्णवी और ज्योति विजेता रही। शाम को आयोजित सांस्कृतिक गतिविधियों में स्वयंसेविका रेनू, गीतांजलि, ज्योति और ऐश्वर्या ने शहीद भगत सिंह पर आधारित नाटक और सोशल मीडिया के प्रभाव पर लघु नाटिका प्रस्तुत की।

**किडनी ट्रांसप्लांट को लेकर भ्रम अनुचित : डॉ. वहीदू**



डॉ. वहीदू ज्जमान


बहादुरगढ़। एंड-स्टेज रीनल डिजीज से जूझ रहे मरीजों के लिए किडनी ट्रांसप्लांट एक प्रभावी उपचार है। आधुनिक तकनीकों से सफलता दर 90–95 फीसद तक पहुंच चुकी है। हालांकि इससे जुड़े मिथक अक्सर डर और भ्रम पैदा करते हैं। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल शालीमार बाग के यूरोलॉजी एवं किडनी ट्रांसप्लांट प्रोग्राम के सीनियर डायरेक्टर डॉ. वहीदू ज्जमान के अनुसार सबसे बड़ी गलतफहमी यह है कि ट्रांसप्लांट से बीमारी पूरी तरह खत्म हो जाती है, जबकि यह एक ट्रीटमेंट है, क्योर नहीं। मरीज को जीवनभर दवाइयां और नियमित जांच जरूरी होती है। यह धारणा भी गलत है कि शरीर नई किडनी को हमेशा रिजेक्ट कर देता है। डायलिसिस को ट्रांसप्लांट से ज्यादा सुरक्षित मानना भी भ्रम है।

## बाज की मनमोहक कद-काठी व चाल दिनभर रही लोगों के आकर्षण का केंद्र

# भीमेश्वरी मेले में नुकरा नस्ल के घोड़े बाज की दूधिया चमक ने जीता दिल

हरियाणा के अलावा पंजाब, उत्तरप्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में भी अपनी सुंदरता का प्रदर्शन कर चुका है बाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। बाज नामक घोड़े की सुंदरता को देखने के लिए मेले में लगी लोगों की भीड़। फोटो : हरिभूमि

नवरात्र के उपलक्ष्य में विश्व विख्यात मां भीमेश्वरी मंदिर मेला परिसर में लगने वाले गधों-घोड़ों के मेले में देशभर से पशुपालक एक से बढ़कर एक नस्ल के घोड़े लेकर पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को पशुपालक कृष्ण यादव जब घोड़ों में सबसे उत्तम मानी जाने वाली नुकरा नस्ल का एक सफेद घोड़ा लेकर पहुंचे तो देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा।

### सेल्फी व फोटो खिंचवाए

बाज नामक इस घोड़े की सुंदरता, कद-काठी और चाल ने मेले में आए लोगों को खूब लुभाया। कृष्ण यादव ने बताया कि बाज की उम्र करीब तीन वर्ष है और इसकी ऊंचाई 70 इंच है। यह नुकरा नस्ल का घोड़ा है, जिसकी सुंदरता और साज-सज्जा लोगों को बेहद पसंद आती है। उन्होंने बताया कि बाज के खान-पान का विशेष ध्यान रखा जाता है। उसे चने, जौ, मूंगफली का नीरा, घी, दूध और फीड दी जाती है, ताकि उसका स्वास्थ्य और चमक दोनों बरकरार रहे। यह हरियाणा के अलावा पंजाब, उत्तरप्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में भी अपनी सुंदरता का प्रदर्शन कर चुका है, जहां लोगों ने उसकी खूब सराहना की। लोगों ने उसके साथ सेल्फी व फोटो भी खिंचवाए।

## नवरात्र मेले में सफाई, स्वास्थ्य व सुरक्षा पर रहेगा फोकस : नांदल



रेणुका नांदल, एसडीएम बेरी

■ श्रद्धालुओं से मेला परिसर में सफाई व्यवस्था बनाए रखने की अपील की

**बेरी।** माता भीमेश्वरी देवी के चैत्र नवरात्र मेले में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ माता के दर्शन के लिए उमड़ रही है। मंगलवार को माता भीमेश्वरी देवी श्राइन बोर्ड की सीईओ व एसडीएम रेणुका नांदल ने मेले से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मेला परिसर में स्थित ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मेले के दिनों में मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण के साथ सफाई व्यवस्था का पूरा ध्यान रखा जाए तथा श्रद्धालुओं के लिए अस्थाई व मोबाइल शौचालयों तथा पेयजल आदि की पूरी व्यवस्था उपलब्ध रहे। उन्होंने मेले में सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी कर्मचारियों को जरूरी निर्देश दिए। साथ ही सभी श्रद्धालुओं का आह्वान करते हुए मेला परिसर में सफाई व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान अगर किसी श्रद्धालु को स्वास्थ्य संबंधी समस्या होती है तो प्राथमिक उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग की मंदिर परिसर में मेडिकल पोस्ट स्थापित की गई है, जहां से श्रद्धालु उपचार ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक श्रद्धालु को व्यवस्था अनुरूप माता के दर्शन हो सकें, इसके लिए प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं।



## छठे दिन माता के कात्यायनी स्वरूप का किया पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

नवरात्र पर्व का उत्साह देखते ही बन रहा है। श्रद्धालु पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ माता की पूजा अर्चना कर रहे हैं। मां भीमेश्वरी देवी मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु माता के दरबार में परिवार सहित नमन करते हुए अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना करे रहे हैं। वहीं घरों में भी माता की विशेष पूजा अर्चना की जा रही है।

नवरात्र के छठे दिन श्रद्धालुओं ने माता के कात्यायनी स्वरूप की पूजा अर्चना की। उधर, सप्तमी व अष्टमी के दिन मुख्य मेले के चलते पुलिस हाई अलर्ट पर है। श्रद्धालुओं ने भी कन्या पूजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं।

## मेले में दी 820 लोगों को कानूनी जागरूकता हेल्प डेस्क पर सलाह




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरी

माता भीमेश्वरी देवी नवरात्र मेले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कानूनी जागरूकता के लिए एक हेल्प डेस्क लगाया गया है। इस हेल्प डेस्क पर आमजन कानूनी जानकारी ले सकते हैं।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम विशाल ने बताया कि हेल्प डेस्क पर हालसा व नालसा द्वारा चलाई गई विभिन्न स्कीमों के बारे मे विस्तार से जानकारी दी जा रही है। आमजन को राष्ट्रीय लोक अदालत, परमानेंट लोक अदालत, सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र आदि के बारे मे जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को हेल्प डेस्क के द्वारा लगभग 820 लोगों ने कानूनी जानकारी प्राप्त कर नाम दर्ज करवाया। इस हेल्प डेस्क पर पैरा लीगल वालंटियर सरोज देवी, प्रेम देवी, नवीन कुमारी की ड्यूटी लगाई गई है।

## बाबा हरिदास मठ पर छमाही मेले में हजारों ने शीश नवाकर मांगी मन्नत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर से सटे झाड़ोदा कलां गांव में बाबा हरिदास मठ में छमाही मेले के दौरान मंगलवार को छठ पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। यहां हजारों भक्तों ने पवित्र सरोवर में स्नान कर शीश नवाया और मन्नतें मांगी। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर रखे थे। बता दें कि गांव झाड़ोदा में बाबा हरिदास का मेला साल में दो बार चैत्र व अश्विन शुक्ल की छठ को लगता है। यहां प्रदेश भर के अलावा देश के कई हिस्सों से लोग शिरकत करते हैं।

मंगलवार को हजारों लोगों ने यहां पहुंच कर बाबा का आशीर्वाद लिया। दिल्ली, राजस्थान व उत्तर प्रदेश समेत दूर-दूर से लोग आकर मन्नत मांगते हैं। मेले के दौरान बच्चों, युवाओं, वृद्धों व महिलाओं ने नियमपूर्वक पवित्र मल्लाह (तालाब) में स्नान किया। इस दौरान अनेक श्रद्धालुओं ने जगह-जगह भंडारे भी आयोजित किए, जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद छका। उनकी समाधि स्थित मंदिर व मल्लाह पर संत हरिदास सेवा मंडल के नेतृत्व में दोनों जगह बेहतरीन इंतजाम किए थे।

इस विशाल आयोजन के लिए पुलिस प्रशासन के अलावा मंडल ने भी पुख्ता इंतजाम कर रखे थे। हजारों लोगों ने मेले में पहुंचकर बाबा हरिदास का आशीर्वाद लिया। हालांकि समाधि स्थित मंदिर को तोड़कर नए सिरे से बनाया जा रहा है। जिस कारण लोगों को कुछ असुविधा भी हुई।

## खबर संक्षेप

### लाइब्रेरी के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी

**झज्जर।** शहर के रोहतक रोड स्थित एक लाइब्रेरी के नजदीक खड़ी मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में बीड़ सुनारवाला निवासी विपिन ने बताया कि वह रोजाना की तरह सोमवार की सुबह भी मोटरसाइकिल पर लाइब्रेरी आया था। जब दोपहर करीब बारह बजे वह पढ़कर लाइब्रेरी से बाहर लौटा तो उसकी मोटरसाइकिल चोरी हो चुकी थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार्यवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया है।

### खेत से सबमर्सिबल की केबल व सामान चोरी

**झज्जर।** झाड़ली गांव में खेतों से सबमर्सिबल की थ्री फेस की केबल व अन्य सामान चोरी की शिकायत पीड़ित किसान द्वारा की गई है। पुलिस को दी शिकायत में किसान नरेश कुमार ने बताया कि उसके खेत से सबमर्सिबल की थ्री फेस की करीब 70 फुट केबल, एक टी, बैड और एक पाइप चोरी हुआ है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है ।



बहादुरगढ़। श्री शांति प्रेम मंदिर द्वारा आयोजित कथा सुनती श्रद्धालु।

### परिवार के साथ समाज की आधारशिला है नारी

**बहादुरगढ़।** श्री शांति प्रेम मंदिर द्वारा डाकघर के नजदीक स्थित गुरुद्वारा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में स्वामी श्री हित हरिशरण जी महाराज ने नारी के महत्व, उसके त्याग, धैर्य और संस्कारों की महता को उजागर किया। उन्होंने कहा कि नारी केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज और संस्कृति की सशक्त धुरी है। उन्होंने मातृत्व, करुणा, सहनशीलता और शक्ति के रूप में नारी के विभिन्न आयामों का विस्तार से वर्णन किया।

## कथा से पहले महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

■ जटवाड़ा मोहल्ला के तीन शक्ति मंदिर में 7 दिवसीय कथा महोत्सव का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। मंगलवार को कलश सिर पर रखकर यात्रा निकालती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

जटवाड़ा मोहल्ला स्थित तीन शक्ति मंदिर में मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसके साथ 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ हुआ।

कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया, वहीं श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए पूरे उत्साह के साथ शामिल हुए। यह कलश यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर शहर के मेन बाजार व नजफगढ़ रोड से होते हुए पुनः कथा स्थल पर पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया।

कथा व्यास के रूप में श्री राधेश्याम शास्त्री जी महाराज श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करा रहे हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रबंधक जय भगवान सैनी, प्रधान गोविंद राणा, मोहित (कैशियर), पवन भगत, नितिन पंडित, त्रिलोक राणा, राकेश यादव, लोकेश सैनी, शिवी सैनी एवं शैनी सैनी सहित अन्य सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। पवन भगत के अनुसार कथा का आयोजन 30 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक किया जाएगा। जबकि 31 मार्च को हवन एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

## कैंप में योग और प्राणायाम के गुर सिखाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। इसमें योगाचार्य जगदीश सहवाग ने योग व प्राणायाम के गुर सिखाते हुए छात्राओं से नियमित रूप से योग व प्राणायाम करने का आह्वान किया। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि स्वस्थ शरीर तथा स्वच्छ पर्यावरण ही सुखमय व स्थिर मानव जीवन का आधार होता है।

### एसएचओ ने किया जागरूक

एसएचओ धर्मेंद्र ने सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जानकारी दी। हरप्रीत सिंह, विकास चौधरी व संजय सैनी ने छात्राओं को साइबर व फाइनेंस ठगी की पहचान व बचाव के तरीके बताए। शमशेर राठी ने छात्राओं को कॅरियर काउंसलिंग दी। पूर्व सरपंच विरेंद्र कौशिक ने राष्ट्रहित व राष्ट्र सशक्तिकरण में सुसंस्कृत शिक्षित व आत्मनिर्भर बेटी की भूमिका पर प्रकाश डाला। कवि कृष्ण गोपाल विद्यार्थी ने अपनी कविताओं के माध्यम से विकसित भारत की यात्रा में नारी की भूमिका का बखान किया।

एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. नेहा नैन ने सुंदर, स्वस्थ व स्वच्छ समाज के निर्माण में छात्राओं को अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। अंजना ने राष्ट्रगीत गाया और श्वेता यादव ने मनमोहक नृत्य पेश किया।



### छात्राओं को दी रिमोट सेंसिंग व ड्रोन तकनीक की जानकारी

**झज्जर।** महाराजा अग्रसेन पीजी महिला महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा मंगलवार को रिमोट सेंसिंग एवं ज्योग्राफिकल इन्फॉर्मेशन सिस्टम विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। छात्राओं को भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी के विभिन्न अनुप्रयोगों तथा रोजगार के अवसरों बारे जागरुक करने के उद्देश्य से आयोजित इस सेमिनार में करीब 90 छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में स्काईलाइन इंस्टीट्यूट ऑफ जियो-इन्फॉर्मेटिक्स रोहतक के विशेषज्ञ अजय देशवाल व जया खुराना ने अपने विचार साझा किए। अजय देशवाल ने छात्राओं को रिमोट सेंसिंग, जीआईएस तथा ड्रोन तकनीक बारे विस्तारपूर्वक से जानकारी दी।

## मांगों और समस्याओं को लेकर आढ़तियों ने की बैठक

# आढ़त 13.875 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग

■ वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार गेहूं की सरकारी खरीद पर आढ़त लगभग 64 से 65 रुपये बनती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। अपनी मांगों को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए आढ़ती एसोसिएशन के पदाधिकारी।

मंगलवार को स्थानीय अनाज मंडी परिसर में आढ़ती एसोसिएशन की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आढ़तियों की समस्याओं को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बाद में अपनी मांगों और समस्याओं से संबंधित ज्ञापन उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल को सौंपा। आढ़तियों ने कहा कि उनकी समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, लेकिन समाधान नहीं हो पा रहा है। आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान विनोद पूनिया ने बताया कि 1 नवंबर 1966 को हरियाणा राज्य गठन के बाद से ही प्रदेश के आर्थिक विकास में किसानों और आढ़तियों ने मिलकर अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में उन्हें कई आर्थिक व प्रशासनिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2020 में केंद्र सरकार द्वारा गेहूं और धान की सरकारी खरीद पर आढ़त को 46 रुपये और 45.88 रुपये प्रति क्विंटल पर स्थिर कर दिया गया था। करीब छह वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद हरियाणा और पंजाब के आढ़तियों के प्रयासों से इसमें केवल 4.75 रुपये और 4.73 रुपये की मामूली बढ़ोतरी की गई है। वहीं हरियाणा सरकार ने अपने बजट से 9 रुपये और 9.12 रुपये का अतिरिक्त योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार गेहूं की सरकारी खरीद पर आढ़त लगभग 64 से 65 रुपये बनती है, जबकि केंद्र सरकार द्वारा 70.75 रुपये प्रति क्विंटल दिए जा रहे हैं। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि राज्य सरकार अपने बजट से दिए जाने वाले योगदान को 9 रुपये से बढ़ाकर 13.875 रुपये प्रति क्विंटल किया जाए, ताकि आढ़तियों को राहत मिल सके। इस अवसर पर चांद पहलवान, रविंद्र सिलानी, राजकुमार देशवाल, संजय शर्मा, सते, विनोद धनखड़, वजीर रइया, नीरज पहलवान सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### स्कॉलर्स ग्लोबल स्कूल में 310 का स्वास्थ्य जांचा



**बहादुरगढ़।** महाराजा अग्रसेन सतनारायण गुप्ता अस्पताल द्वारा स्कॉलर्स ग्लोबल स्कूल में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के 310 से अधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों व अन्य स्टाफ सदस्यों की स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर के दौरान अस्पताल की ओर से विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक अनुभवी टीम ने हड्डी रोग, ईएनटी, मेडिसिन, स्त्री रोग व त्वचा रोग आदि से जुड़ा स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसके उपरांत आवश्यकतानुसार परामर्श दिया गया और निःशुल्क दवाइयां दी गई। स्कूल निदेशक प्रदीप दहिया ने अस्पताल की टीम का स्वागत करते हुए इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ शरीर ही बेहतर शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य की नींव रखता है। स्कूल प्राचार्या डॉ. पूनम सक्सेना ने बताया कि स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

### ऑल इंडिया पेंचक सिलाट में निशा ने जीता कांस्य



**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा निशा ने देशभगत यूनिवर्सिटी फतेहगढ़, पंजाब में आयोजित ऑल इंडिया पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में कांस्य पदक प्राप्त किया। उन्होंने महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक का प्रतिनिधित्व करते हुए यह पदक अपने नाम किया। प्राचार्य दलबीर सिंह, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉक्टर राहुल और प्रवक्ता डॉक्टर अरुण कुमार ने निशा को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### नेशनल पैरा एथलेटिक्स में पूजा ने जीते दो मेडल



**झज्जर।** जिले की खिलाड़ी पूजा मोर ने भुवनेश्वर में 17 से 21 मार्च तक आयोजित 24वीं नेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दो पदक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। उसने 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक और 400 मीटर दौड़ में कांस्य पदक हासिल किया। खास बात यह रही कि इस प्रतियोगिता के दौरान पूजा चोट से जूझ रही थीं। पांव में गंभीर दर्द के बावजूद उसने यह सफलता हासिल की। इससे पहले भी पूजा दो बार खेलो इंडिया गेम्स में भाग ले चुकी हैं, जहां दोनों बार 1500 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़ और लॉन्ग जंप में तीन-तीन पदक हासिल किए। इसके अलावा उसने वर्ष 2023 में चीन के हांगझोउ में आयोजित एशियन गेम्स में भी पदक जीता था। मूल रूप से जिले के गांव रेढूवास निवासी पूजा वर्ष 2018 से रोहतक में रहकर अपने खेल करियर को आगे बढ़ा रही हैं।

### वॉलंटियर्स को दी कानूनी सेवाओं की जानकारी



**झज्जर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आमजन तक कानूनी सेवाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को एडीआर सेंटर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पैनल अधिवक्ताओं, मध्यस्थ अधिवक्ताओं तथा पैरा लीगल वॉलंटियर्स ने भाग लिया। कार्यशाला की अध्यक्षता सीजेएम विशाल ने की। उन्होंने आगामी नौ मई को आयोजित होने वाली इस वर्ष की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक केसों को लाकर उनका निदान करवाया जाए। इसके अलावा उन्होंने नालसा द्वारा चलाया जा रही आशा अवेयरनेस, स्पोर्ट, हेल्प एंड एक्सन स्कीम पर भी चर्चा की।